**STOP CORONA : Wash your Hands, Wear Mask, Maintain Social Distancing**


**DELHI JAL BOARD: GOVT. OF NCT OF DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR (A & P)**
**VARUNALAYA PHASE-II**
**KAROL BAGH, NEW DELHI-110005**
**PHONE:- 011-23544794**
**E-mail:- djbdirector@gmail.com**


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DJB/Director (A&P)/VSQ- B-2022 / **Unst.-21/CM-16** Dated: 22.03.2022

To

Shri Niraj Aggrawal,
Dy. Secretary, (Question Branch),
Delhi Vidhan Sabha Secretariat,
Old Secretariat, Delhi – 110054.

**Subject:- Vidhan Sabha Unstarred Question No. 21 due for 24.03.2022.**

Sir,

Please refer to your letter No. F-11(B-1)VI/2020-25/VSS/Ques. Branch/2873 date 14.03.2022 on the above quoted subject.

In this connection I am enclosing herewith the reply of the aforementioned Vidhan Sabha Question in so far as the Delhi Jal Board is concerned.

This issues with the approval of the competent authority.

Encl: As above.

**(Arvind Kr. Kaushik)**
**Director (Admn.& Personnel)**

A. K. Kaushik
Director (Admn. & Pers.)
Delhi Jal Board
Varunalaya Ph-II, K. Bagh,
New Delhi-110005

विभाग का नाम :– दिल्ली जल बोर्ड
विभाग का पता :– निदेशक (प्रशासनिक एवं कार्मिक)
करोल बाग, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या :– 21
दिंनाक :– 24.03.2022
प्रश्नकर्त्ता का नाम :– श्री ,सोमनाथ भारती विधायक
क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| अ. क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | अक्टूबर, 2021 तक तैयार होने वाले डीएमए अभी तक कार्यशील क्यों नहीं हुए हैं एवं इनके कार्यशील होने में देरी के क्या कारण हैं और कब तक यह पूर्णतयः कार्यशील हो जाएंगे? क्या दिल्ली जल बोर्ड ने नए डीएमए विकसित करने की नई योजना के अनुरूप सभी आंतरिक लाइनों को बदल दिया है; | DMA मे लगने वाले Electrical & Mechanical equipments टेलर मेड आइटम हैं, जिनका आर्डर कंपनी को दिया जा चुका है, कोविड–19 के कारण कंपनी अभी तक डिलीवरी नहीं कर पाई है, इस कारण DMA कार्यशील होनें में देरी लग रही है। सम्भवतया 15 मई 2022 तक पूर्ण हो जाएगा । दिल्ली जल बोर्ड में सभी लाइनें जो 100 MM Dia से कम थी और 20 साल पुरानी थी, बदल दी गयी है । |
| (ख) | कृपया एसी–43 में सभी जल और सीवर परियोजनाओं की सूची प्रदान करे और क्या उन्हें निष्पादित किया गया है या नहीं और यदि निष्पादित किया गया है, तो क्या सड़कों/गलियों को पुर्नगठित और बहाल किया गया है या नहीं, तो उन्हें किस तिथि तक बहाल कर दिया जाएगा; | <u>ख एवं गः–</u><br><br>मालवीय नगर पी.पी.पी. परियाजना के अंतर्गत आने वाले मालवीय नगर विधानसभ क्षेत्र में जल आपूर्ति संबन्धित सभी कार्य पीपीपी ऑपरेटर द्वारा किया जा रहा है ।<br><br>मालवीय नगर पी.पी.पी. परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यो से सम्बन्धित सड़क मरम्मत का कार्य सड़क के स्वामित्व विभाग जैसे कि दक्षिण दिल्ली नगर निगम एवंम लोक निर्माण विभाग के द्वारा ही कराया जा रहा है । |
| (ग) | जब डीजेबी के पास सड़कों और गलियों को बहाल करने की विशेषता नहीं है तो वे पीडब्ल्यूडी और एमसीडी जैसी एजेंसियों में सिर्फ पैसा जमा करके सड़को को बहाल करने की अनुमति क्यों नहीं देते; | अरविन्द कौशिक<br>निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)<br>दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार<br>वरूणालय फेस-II, करोल बाग,<br>नई दिल्ली-110005 |

PTO

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | एमएनडब्ल्यूएस ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को 24ग7 पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य किस हद तक पूरा किया है, इसे कब तक पूरा कर लिया जाएगा? कृपया कॉलोनीवार स्थिति प्रदान करें; | मालवीय नगर पी.पी.पी. परियोजना के अतर्गत आने वाले क्षेत्र में 24x7 पानी उपलब्ध कराने की योजना प्रगति पर है और गीतांजलि एवं नवजीवन विहार में 24x7 जलापूर्ति उपलब्ध कराया गया है। इस परियोजना के अंतगर्त आने वाले अन्य सभी कॉलोनियों में 24x7 जलापूर्ति का कार्य पानी के उपलब्धता के अनुसार पूरा किया जाएगा । |
| (ङ) | दूषित पानी की शिकायतों, सिवरेज ओवरफ्लो, कम दबाव और पानी नहीं होने की शिकायतों का निवारण करने हेतु दिल्ली जल बोर्ड की अद्यतन नीति क्या है? रविदास मंदिर, हौज रानी सहित सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या की क्या स्थिति है और रविदास मंदिर के पास में सीवर लाइन में अतिक्रमण करने वाली सम्पत्ति की क्या स्थिति है; और | दूषित पानी कि शिकायत आने पर सर्वप्रथम पानी के टैंकर भेजे जाते है। सीवरेज ओवर–फ्लो के लिए जेटिंग मशीन द्वारा ब्लॉकेज खोली जाती है, पानी नहीं होने पर टैंकर द्वारा पानी ग्राउंड लेवल पर दिया जाता है। हौजरानी में वर्तमान समय में कोई ओवर–फ्लो नहीं है और रविदास मंदिर के पास सीवर लाईन में अतिक्रमण लोकल रेजिडेट द्वारा किया गया है। इस संदर्भ में PWD को कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखा जा चुका है किंतु PWD द्वारा अभी तक कार्यवाही नहीं की गई है। |
| (च) | प्रेस इन्क्लेव रोड के साथ सीवर लाइनों के रिहेबलीटेशन की परियोजनाओं की स्थिति क्या है? इसे कब तक पूरा किया जाएगा और इसके साथ ही कृपया मुझे हौज रानी सीवर लाइन जोड़ने की स्थिति के बारे में बताएं? | यह कार्य M/s KKSIL –O-Liner JV को दिया गया था। कार्य शुरू करने की तिथि 19.07.2018 तथा कार्य समाप्त होने की तिथि 18.07.2021 थी। विभिन्न बाधाओं जैसे कोरोना वायरस के कारण सम्पूर्ण लॉक–डाउन, NGT के वातावरण प्रदूर्षण को रोकने हेतु दिशा निर्देशों के कारण एवं विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा अनुमति आदि के कारण कार्य में देरी हुई है। प्रेस एन्क्लेव रोड पर 900 MM – 600mm dia का कार्य ट्रेंचलैस मेथड द्वारा कार्य प्रगति पर है। यह कार्य अब 31.05.2022 तक समाप्त करने की अनुमानित तिथि तय की गयी है। |

निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)

अरविन्द कौशिक
निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)
दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
वरुणालय फेस-II, करोल बाग,
नई दिल्ली-110005